“नया भारत, मैं हूं भारत” पहुंचा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़

आज दिनांक 18 जून, 2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के सभागार में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में “नया भारत मैं हूं भारत” कार्यक्रम की शृंखला में 17वें दिन सेमीनार आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में मोटिवेशनल स्पीकर मिस विजयश्री अत्तरी ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि देश की आजादी को 75 वर्ष पूरे होने पर इसे अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में युवाओं को देश हित में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में संभार्ये फाउंडेशन के एम.डी. मिस्टर अभिषेक देशवाल ने सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद में 2 जून 2022 से 75000 प्लास्टिक बोतलें इकट्ठा करने की मुहीम शुरू की गई है जोकि 15 अगस्त 2022 तक चलेगी। टीम तय्यब एंड फ्रेंड्स द्वारा पर्यावरण सुरक्षा विषय नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। नया भारत मैं हूं भारत , आजादी के अमृत महोत्सव की शृंखला में 75 दिन का सबसे बड़ा आयोजन है जिसे नगर निगम फरीदाबाद, सर्वोदय फाउंडेशन, एफआईए, जुनेजा फाउंडेशन, जिला प्रशासन के सहयोग से कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. रामचन्द्र लाइब्रेरियन, कार्यक्रम संयोजक सुभाष कैलोरिया व लवकेश उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।